" द्युति कृति ,हे नमन भारती "

अंर्तविद्यालयी कविता-पाठ प्रतियोगिता

कार्यक्रम की संक्षेपिका

नेवी चिल्ड्रन स्कूल, विशाखापट्टणम की ओर से स्वतंत्रता की 75 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष में तीन दिवसीय कविता पाठ प्रतियोगिता(01 से 03 जुलाई तक) आयोजित की गई । इस कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि रियर अडमिरल के एस नूर थे। पारितोषिक वितरण व समापन समारोह मुख्यातिथि कमोडोर राजवीर सिंह (उपाध्यक्ष,नेवी चिल्ड्रन स्कूल, विशाखापट्टणम) द्वारा 03 जुलाई को संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में कंमाडर मणिकंडन (डारेक्टर नेवी चिल्ड्रन स्कूल विशाखापट्टणम) ने भी भाग लिया । यह कार्यक्रम डॉ पारूल कुमार, प्रधानाचार्या नेवी चिल्ड्रन स्कूल, विशाखापट्टणम के मार्गदर्शन में संचालित किया गया । इस अंतर्विद्यालयी कविता पाठ प्रतियोगिता में सभी नेवी चिल्ड्रन स्कूल तथा शहर के कई प्रमुख विद्यालयों ने भाग लिया । इस कार्यक्रम में कुल 22 विद्यालयों के 112 प्रतिभागी शामिल हुए । प्रतियोगिता के अंतिम चरण में, इनमें से कुल 58 श्रेष्ठ प्रतिभागियों ने अपनी कविता प्रस्तुत की । कार्यक्रम के पहले दो दिनों में दृश्य-श्रव्य साधनों के माध्यम से प्रतियोगिता का संचालन किया गया । इस कार्यक्रम के निर्णायक हिंदी साहित्य जगत से जुड़ी हस्तियाँ थी । पारितोषिक वितरण समारोह में सभी प्रतिभागी विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षक, प्रतिभागी व अभिभावकगण भी ऑन लाइन मोड से जुड़कर कार्यक्रम में शामिल हुए ।

वर्ग 1(कक्षा छठी से आठवीं तक) में प्रथम पुरस्कार कायान, नेवी चिल्ड्रन स्कूल ,मुंबई, द्वितीय पुरस्कार नव्नया, डी.पी.एस,विशाखापट्टणम, तृतीय पुरस्कार आराध्या चतुर्वेदी , भारतीय विद्या भवन, प्रिज्म स्कूल ,मध्यप्रदेश, प्रोत्साहन पुरस्कार श्रेया एस.नायर, नेवी चिल्ड्रन स्कूल ,पोर्टब्लेयर को प्राप्त हुआ । वर्ग 2 (कक्षा नौवीं व दसवीं) में प्रथम पुरस्कार वर्तिका, केंद्रीय विद्यालय -2, विशाखापट्टणम, द्वितीय पुरस्कार वर्षा गुप्ता, नेवी चिल्ड्रन स्कूल गोवा, तृतीय पुरस्कार अंकिता नेवी चिल्ड्रन स्कूल ,मुंबई, प्रोत्साहन पुरस्कार खुशी, नेवी चिल्ड्रन स्कूल ,दिल्ली को प्राप्त हुआ । वर्ग 3 (कक्षा ग्यारहवीं व बारहवीं) में प्रथम पुरस्कार दीपांशु श्रीवास्तव , भारतीय विद्या भवन,प्रिज्म स्कूल ,मध्यप्रदेश, द्वितीय पुरस्कार श्रेया जांगडा. नेवी चिल्ड्रन स्कूल ,मुंबई, तृतीय पुरस्कार योगता कुमारी यादव नेवी चिल्ड्रन स्कूल ,पोर्टब्लेयर , प्रोत्साहन पुरस्कार महिका कुमार नेवी चिल्ड्रन स्कूल , विशाखापट्टणम, अनिमेश मिश्रा, भारतीय विद्या भवन,प्रिज्म स्कूल ,मध्यप्रदेश को प्राप्त हुआ ।

वर्ग 4(शिक्षकगण) में प्रथम पुरस्कार डॉ प्रिया रानी नेवी चिल्ड्रन स्कूल गोवा ,द्वितीय पुरस्कार श्रीमती सैनूकुट्टी नेवी चिल्ड्रन स्कूल कोच्चि, तृतीय पुरस्कार श्रीमती विनती जेटली नेवी चिल्ड्रन स्कूल ,मुंबई, प्रोत्साहन पुरस्कार श्रीमती रीना गहलोत को प्राप्त हुआ । नेवी चिल्ड्रन स्कूल ,मुंबई को सर्वश्रेष्ठ विद्यालय के सम्मान से सम्मानित किया गया । विशिष्ट अतिथि रियर अडमिरल के एस नूर ने कार्यक्रम के संचालन की भूरि- भूरि प्रंशसा की । कार्यक्रम के मुख्यातिथि कमोडोर राजवीर सिंह भी ने कार्यक्रम की सफलता पर डॉ पारूल

कुमार, प्रधानाचार्या, नेवी चिल्ड्रन स्कूल, विशाखापट्टणम को बधाई दी व आयोजक समिति को प्रोत्साहित किया ।